छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formely Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी.ओ.ई. /2654 / 2022 दिनांक : 07/05/2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,

विषय : विश्वविद्यालय की सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षा कार्य में संलग्न समस्त शिक्षकों / पर्यवेक्षकों आदि के पारिश्रमिकों विषयक।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आपके महाविद्यालय के परीक्षा कार्य में संलग्न समस्त शिक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं कक्ष निरीक्षकों आदि के पारिश्रमिक भुगतान हेतु बिलों को समेकित करते हुये ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय को सबमिट करने हेतु आग्रह किया गया था।

कतिपय महाविद्यालयों एवं शिक्षकों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि विगत सत्र 2020–21 की मुख्य परीक्षाओं के बिलों का भुगतान उन्हें अभी तक प्राप्त नहीं हुये हैं, जबकि ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त समस्त देयकों / बिलों का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किये जा चुके हैं और लगातार अभी तक भुगतान किये जा रहे हैं। प्रतीत होता है कि आपके महाविद्यालयों के शिक्षकों के विगत सत्र की परीक्षाओं के बिल ऑनलाईन के माध्यम से प्रस्तुत नहीं किये गये हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि यदि वर्ष 2020–21 की मुख्य परीक्षा के बिलों का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है, तो कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त बिलों हेतु ऑनलाईन पोर्टल पर ड्यूटी का सबमिशन किया जा चुका है। यदि आपके महाविद्यालय की ड्यूटी पोर्टल पर सब्मिट नहीं है, तो कृपया दिनांक 10.05.2022 तक सब्मिशन कराना सुनिश्चित करें। यदि उक्त दिनांक तक ड्यूटी का सब्मिशन नहीं होता है, तो ड्यूटी भुगतान सम्बन्धी समस्त दायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान का होगा।

भवदीय,

/

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद्।
3. प्रभारी, पी.एम.यू., को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय के होमपेज़ पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक।
5. गार्ड फाईल।

(दिनेश कुमार मौर्य)
सहायक कुमसचिव (परीक्षा)